कलियुगी बेटे को शराब के लिए 3 हजार रुपए न देना मां को पड़ा भारी

# नशे के लिए पैसे नहीं देने पर बेटे ने की मां की हत्या पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार







बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** सदर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर में शराब के नशे में कलियुगी बेटे ने मारपीट कर 60 वर्षीय बुजुर्ग मां की हत्या कर दी। हत्या के बाद मृतका का शव सरसो के खेत में दफना दिया।वारदात का खुलासा आरोपी ने मंगलवार को करते हुए पूरी घटना भाभी को बताकर की। इस सनसनी मामले का पता चलते ही मृतका के परिजनों ने पुलिस को सूचना कर दी। जिसके बाद डीएसपी गिरधर सिंह, सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा जाब्ते के साथ मौके पर पहुंच गए। सदर थाना प्रभारी ने बताया मृतका लखन बाई जाटव (60) पत्नी हरिसिंह है। उन्होंने बताया कि महिला कि हत्या उसके बेटे दयाल जाटव (29)है। उन्होंने बताया कि आरोपी ने 23 फ़रवरी की रात करीब एक बजे वारदात को अंजाम दिया। इस मामले मृतका के दूसरे बेटे भूरसिंह जाटव ने रिपोर्ट दी है। जिसमे बताया कि उसकी मां गांव से करीब 2 किलोमीटर दूर स्थित गेंहू के खेत में रखवाली के लिए रात को सोने गई हुई थी। इस दौरान रात 1 बजे उसका बेटा आरोपी दयाल नशे की हालत में पहुंच गया। मां से उसने 3 हजार रुपए मांगे, तो मां ने रुपए देने से मना कर दिया।जिससे नाराज होकर उसने मां पर हमला कर दिया।वही गला दबाकर हत्या कर दी। जिसके बाद अपने खेत से कुछ दूर दूसरे के खेत में गड्ढा खोद कर दफना दिया। इधर वारदात का खुलासा होने पर पुलिस जाब्ते के साथ एफ एस एल टीम पहुंची। जिसके द्वारा शव को गड्ढे से बाहर निकाला। शव को हिंडौन सिटी के राजकीय जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया । सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि आरोपी कर्ज में डूबा हुआ था और शराब का आदी था। उसने रुपए और मां के गहनों की लालच में यह वारदात की। मृतका अपने खेत पर रहकर जीवन यापन कर रही थी।25 फरवरी को आरोपी ने अपनी भाभी के सामने वारदात का राज खोल दिया। भाभी ने यह बात मृतका के दूसरे बेटे भूरसिंह को बताई। परिजनों ने घटनास्थल की पुष्टि के बाद पुलिस को सूचना दी। एफएसएल टीम की मदद से शव को बाहर निकाला गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले से हत्या का प्रयास और मारपीट के तीन मुकदमे दर्ज हैं।



## महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

बढ़ता राजस्थान

**सिणधरी, (कैलाश गोस्वामी)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर उपखण्ड के सभी मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। शिवालयों में आस्था के साथ लोगों ने जलाभिषेक किया। मंदिरों के बाहर लंबी लंबी कतारें लगी रहीं। महाशिवरात्रि के अवसर पर सुबह सुबह शिव का नाम लेकर शिव भक्तों का रेला शिवालयों की ओर उमड़ पड़ा। गुरुवार के दिन महाशिवरात्रि पर गोयणेश्वर मंदिर में सुबह से ही हाथ में जल और पूजा की थाली लिए शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। लंबी लाइनों में लगे श्रद्धालु बोल बम,बम-बम के जयकारे लगा रहे थे। सुबह 5.00 बजे से ही आरती के बाद जलाभिषेक शुरू हो गया था। वहीं जेतेश्वर धाम के सिद्ध पुरूष जैतराम जी बावसी व महादेव मंदिर में भी हजारों भक्तों ने पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी । जेतेश्वर धाम के महंत पारसाराम महाराज के सान्निध्य में भजन संध्या का आयोजन हुआ।

जिसमें प्रकाश माली एंड पार्टी,शंकर देवासी,भावेश देवासी एंड पार्टी के कलाकारों ने शिव भजनों सहित विभिन्न देवी देवताओं के भजनों की प्रस्तुतियां दीं। भजन सुनने के लिए देर रात तक बड़ी संख्या में शिव भक्त उमड़े पड़े। कार्यक्रम में राज्य मंत्री एवं स्थानीय विधायक के के विश्नोई, सिवाना विधायक हमीरसिंह भायल, शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी,जिला परिषद सदस्य हंसराज प्रजापत,सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधी एवं भक्त भाविक मौजूद रहे। सुबह मंदिर परिसर में बड़े बुजुर्ग,महिलाएं और बच्चे हर हर महादेव के साथ महंत पारसाराम महाराज का आशीर्वाद ले रहे थे। श्रद्धालुओं ने मंदिर में बेलपत्र,शहद,दूध-दही धतूरा,कमल के साथ पूजा-अर्चना की। पायला कल्ला स्थित दुधेश्वर महादेव मंदिर के महंत रामभारती महाराज ने बताया कि मंदिर में दिन भर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक व पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी ।

**युवाओं में दिखा उत्साह, सेल्फी का चला दौर :** महाशिवरात्रि के इस शुभ अवसर पर युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया। जलाभिषेक और पूजन के बाद श्रद्धालु मंदिर परिसर में सेल्फी लेते नजर आए। खासकर गोयणेश्वर और जेतेश्वर धाम, चम्पेश्वर महादेव मंदिरों में युवाओं का सेल्फी लेने का दौर पूरे दिन चलता रहा। गोयणेश्वर व चम्पेश्वर मंदिर,जेतेश्वर धाम परिसर के बाहर खेल खिलौने और चाट पकौड़ों ठेले हाट बाजार लगे थे। मंदिर के बाहर दिनभर मेला रहा। मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पुलिस, आरएसी जवानों के हवाले रही। इसी तरह चम्पेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की रेलमपेल रही इस दौरान महंत उम्मेदगिरी,महंत हनुमान दास, महंत लीला बाबा,महंत बाबूपुरी सहित कई सन्त महत्मा मौजूद रहे मंच संचालन शंकरलाल चांदोरा ने किया।

## जड़ें बढ़ने के लिए और पंख उड़ने के लिए थीम पर रायन इन्टरनेशल स्कूल का वार्षिक उत्सव आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** रॉयन इंटरनेशनल स्कूल उदयपुर में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन उदयपुर स्थित मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय में हर्ष एवं उल्लास के साथ सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। रूट्स टू ग्रो ,विंग्स टू फ्लाई थीम पर आधारित था। इस भव्य समारोह के विशिष्ट अतिथि इंडियन एयर फ़ोर्स उदयपुर के विंग कमांडर नटराज डागर, बॉलीवुड्स म्यूजिक डायरेक्टर व सिंगर एकार्थ पुरोहित, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक ललित दक, आर्टिस्ट, राइटर, कल्चरल एक्टिविस्ट,एजुकेशनल डॉ.श्री निवासन अय्यर थे। जिनका रायन पद्धति के अनुसार गमले में लगे पौधों और कलात्मक रायनाइट्स द्वारा बनाई गई रचनात्मक पेंटिंगों से स्वागत किया गया। रायन ग्रुप के चौयरमेन डॉ.ए.एफ.पिंटो के विज़न पॉइंट 'कला एवं संस्कृति को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ ईश वंदना,प्रार्थना गीतों और पवित्र बाइबिल के छंदों के साथ हुआ। नन्हे-मुन्नो ने विभिन्न भाषाओँ में स्वागत भाषण ,थीम डांस, संगीतमय क्रोक नाट्य , शिवाजी, रोबोट,चौस,स्पोर्ट्स, साउथ इन्डियन, सूफी, ग्रेजुएशन,पंजाबी और देशभक्ति से ओत-प्रोत विविधता से युक्त नृत्य कौशल की उत्कृष्ट प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों को आनंद से मंत्रमुग्ध करते हुए ढेरों तालियाँ बटोरी। मांटेसरी के विद्यार्थियों ने ग्रेजुएशन हेट्स और गाउन पहनकर स्क्रॉल ऑफ़ मेरिट''का ख़िताब प्राप्त किया। इस विशेष अवसर पर शिक्षा,खेल,संगीत ,नृत्य और भाषण के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतिष्ठित अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को रायन प्रिंस एवं प्रिंसेस का ख़िताब देकर सम्मानित किया गया। अतिथिगण ने अपने संबोधन में छात्रों के समग्र व्यक्तित्व निर्माण में स्कूल के प्रयासों की सराहना करते हुए नन्हें-मुन्नों का हौंसला बढाकर उनका उत्साहवर्धन किया। छात्रों ने विभिन्न भाषाओँ में अतिथिगण के प्रति अपना आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या ने अतिथिगण, अभिभावकगण के प्रति अपना आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय गीत एवं गान तथा राष्ट्रीय गान के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## साढ़े तीन हजार से ज्यादा युवाओं के लिए सुनहरा मौका ब्यावर में जिला स्तरीय रोजगार सहायता शिविर

28 फरवरी को ब्यावर बनेगा अवसरों का हब, 18 बड़ी कंपनियों की होगी भागीदारी

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग के तत्वावधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) गणेशपुरा, ब्यावर में 28 फरवरी को सुबह 9.30 बजे से जिला स्तरीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खडगावत ने बताया कि इस शिविर में राज्य एवं देशभर से 18 प्रतिष्ठित कंपनियों व 10 स्थानीय कंपनियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। यह शिविर युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ने की दिशा में एक अहम कदम साबित होगा।

सहायक निदेशक (प्रशिक्षण) ने बताया कि यह ब्यावर का जिला स्तरीय रोजगार सहायता शिविर है, जिसमें युवाओं को रोजगार का सुनहरा अवसर मिलेगा। शिविर में ब्यावर से 3500 से अधिक रोजगार चाहने वाले युवाओं के शामिल होने की संभावना है।

**युवाओं के लिए खास निर्देश :** शिविर में भाग लेने वाले युवाओं को सलाह दी गई है कि वे अपने शैक्षिक प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो और अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर पहुंचें। साथ ही, उन्हें अपने कौशल और उपलब्धियों का सही तरीके से प्रस्तुत करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

**स्थानीय युवाओं के लिए बड़ा अवसर :** सहायक निदेशक (प्रशिक्षण) ने कहा, यह रोजगार शिविर ब्यावर क्षेत्र के युवाओं के लिए आत्मनिर्भरता और करियर निर्माण की दिशा में बड़ा कदम है। विभाग का प्रयास है कि हर युवा को उसके कौशल के अनुसार रोजगार उपलब्ध हो।

## कैट महिला विंग उदयपुर की 8वीं व्यावसायिक यात्रा, एनआईसीसी में सफलता और सुंदरता का एक अनूठा मिश्रण

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** कैट महिला विंग उदयपुर ने गुरुवार को मीरा नगर स्थित एनआईसीसी अपनी 8वीं व्यावसायिक यात्रा का आयोजन किया। रोटरी क्लब दृष्टि की ओर से आयोजित विशेष सत्र में 35 महिला उद्यमियों इस आयोजन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की,जो व्यवसाय विकास, मानसिक कल्याण और व्यक्तित्व विकास पर गहन चर्चा में शामिल हुईं। एनआईसीसी की डॉ. स्वीटी छाबड़ा ने बताया कि मानसिक कल्याण कैसे बनाए रखें विषयक सत्र में सफलता प्राप्त करने में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया गया, पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए मूल्यवान सुझाव दिए गए। उन्होंने बताया कि समग्र कल्याण को बनाए रखते हुए व्यवसाय की वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए व्यवसाय के लिए एक समग्र दृष्टिकोण पर रणनीतियों पर चर्चा की गई। बेसिक मेकअप और साड़ी ड्रेपिंग की प्रतिभागियों ने पेशेवर और सामाजिक दोनों सेटिंग्स में अपना आत्मविश्वास बढ़ाते हुए, खुद को सुरुचिपूर्ण ढंग से प्रस्तुत करने की कला सीखी। रोटरी क्लब उदयपुर दृष्टि के विशेष अतिथि परमेश्वर अग्रवाल, विक्रम कृष्णावत और डॉ. स्वीटी छाबड़ा सहित अनेक सदस्याएं इस अवसर पर मौजूद थी। महिला उद्यमियों ने सत्र की बहुत सराहना की, इसे अपने पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन दोनों के लिए एक समृद्ध अनुभव के रूप में पहचाना। कार्यक्रम के आयोजकों में अध्यक्ष और मेवाड़ क्षेत्र प्रभारी विजयलक्ष्मी गलुंडिया, सचिव डॉ. सोनू जैन और डॉ. स्वीटी छाबड़ा (मेजबान) ने सभी प्रतिभागियों को हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## डीपीएस, उदयपुर का चैतन्य बना स्टेट टॉपर

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर की कक्षा नौवीं के होनहार व प्रतिभावान छात्र चैतन्य योगेश गवली ने इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स द्वारा आयोजित नेशनल स्टैंडर्ड एग्जामिनेशन इन जूनियर साइंस- 2024 में पूरे राजस्थान राज्य में शीर्ष स्थान प्राप्त कर समूचे विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। प्राचार्य संजय नरवरिया ने बताया कि संपूर्ण राजस्थान राज्य से 2718 परीक्षार्थियों ने इस परीक्षा में भाग लिया था, जिसमें मात्र एक प्रतिशत छात्र ही शीर्ष स्थान पर सफलता अर्जित कर सके और उनमें चौतन्य ने श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है एवं उसनें इंस्पायर अवार्ड में भी जिले में अपना महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थी की इस शानदार सफलता पर प्रो वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल, प्राचार्य संजय नरवरिया और उप प्राचार्य राजेश धाभाई ने छात्र व उसके अभिभावकों को बधाई दी।

## सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ की बैठक ओमप्रकाश गुप्ता बने जिलाध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** बिजली सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ जिला करौली की मंगलवार को केशवपुरा स्थित जांगिड़ धर्मशाला में बैठक हुई। अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री शिवचरण लाल शर्मा ने की। सर्वसम्मति से सेवानिवृत्त लेखाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता ढिंढोरा को जिलाध्यक्ष बनाया गया। श्यामलाल शर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रदेश महामंत्री शिवचरण लाल शर्मा ने बिजली समस्याओं के समाधान को लेकर सुझाव दिए। जिला महामंत्री रामदयाल शर्मा ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारी शामिल हुए। सभी ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष का स्वागत किया ।

## मेवाड़ राजघराने के धर्मगुरु गोस्वामी महाराज श्री 108 श्री डॉ. वागीश कुमार की डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने सिटी पैलेस में शाही अगवानी की



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** मेवाड़ के पूर्व राजघराने के धर्मगुरु व श्री द्वारकाधीश मंदिर कांकरोली के गोस्वामी महाराज श्री 108 श्री डॉ. वागीश कुमार महाराज का गुरुवार को सिटी पैलेस में आगमन हुआ। मेवाड़ पूर्व राजघराने के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने अपने धर्मगुरु गोस्वामी महाराज डॉ. वागीश कुमार का सिटी पैलेस आगमन पर शाही अगवानी की। डॉ. लक्ष्यराज सिंह ने वेदपाठी ब्राह्मणों के वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ गोस्वामी महाराज डॉ. वागीश कुमार महाराज को माला-शॉल पहनाकर भेंट अर्पित की। डॉ. लक्ष्यराज सिंह ने सपरिवार धर्मगुरु गोस्वामी महाराज डॉ. वागीश कुमार से आशीर्वाद प्राप्त कर सुख-समृद्धि की कामना की।

गोस्वामी महाराज डॉ. वागीश कुमार महाराज ने डॉ. लक्ष्यराज सिंह को श्री द्वारकाधीश मंदिर कांकरोली आने का आमंत्रण दिया, जिसे डॉ. लक्ष्यराज सिंह ने सहर्ष स्वीकार किया।

## भाजपा मंत्री अविनाश गहलोत की टिप्पणी पर कांग्रेस का विरोध, भाजपा समर्थकों ने किया प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** राज्य विधानसभा में गत दिनों पूर्व प्रधानमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रहीं स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी पर की गई टिप्पणी को लेकर प्रदेश में कांग्रेस ने जमकर विरोध किया। इस दौरान विधानसभा में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद डोटासरा समेत कुछ विधायकों को बाहर निकाला गया। इसके बाद प्रदेशभर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस घटना से आक्रोशित होकर भाजपा सरकार के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के समर्थकों ने कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया और कांग्रेस का पुतला फूंका। बड़ी संख्या में भाजपा समर्थक सुबह 11.30 बजे सतपुलिया के पास ज्योतिबा फुले सर्किल पर एकत्रित हुए और फिर जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर कार्यालय के बाहर पुलिस बल की मौजूदगी के बावजूद जबरन मुख्य गेट को धक्का देकर अंदर प्रवेश किया। मौके पर जैतारण के सीओ सत्येन्द्र नेगी समेत अन्य पुलिसकर्मी तैनात रहे। सुरक्षा की दृष्टि से बिल्डिंग के मुख्य गेट को बंद कर दिया गया। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर प्रशासन सतर्क बना रहा, वहीं कांग्रेस और भाजपा के बीच यह विवाद और बढ़ता नजर आ रहा है।

ज्ञापन देने वालों में जैतारण से आये जैतारण प्रधान मेघाराम सोलंकी, रायपुर उपप्रधान पशुपति सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवाराम कटारिया, जैतारण मण्डल अध्यक्ष सुखलाल सरगरा, बलाड़ा मण्डल अध्यक्ष शिवराज गुर्जर, गरनिया मण्डल अध्यक्ष धर्माराम सीरवी, बर मण्डल अध्यक्ष केसरसिंह, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष रामनारायण सैनी, भाजपा शहर महामंत्री कमलेश सोनी, बाबरा सरपंच देवेन्द्र सिंह जोधा, हरजीत सिंह निमाज,बनवारीलाल उपाध्याय, नवरत्न टाक, मोहन सिंह कमाण्डो, धर्मेश जांगिड़, जिला परिसर सदस्य रतन सोलंकी, अमरपुरा सरपंच अमराराम माली, रामावास सरपंच प्रतिनिधि जगदीश जांगिड़, र विकास बन्ना, मुंशी भाई काठात आदि थे।


## विद्यालय परिसर में नाबालिग छात्राओं के साथ छेड़छाड व अश्लील हरकतें करने वाले संचालक को गिरफ्तार किया

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** जिले के कुण्ड का लाम्बा ग्राम में स्थित प्राईवेट विद्यालय श्री बालाजी पब्लिक स्कूल में गत 24 फरवरी को दो नाबालिग छात्राओं के परिजनों ने विद्यालय संचालक पर छात्राओं के साथ छेड़छाड़ व अश्लील हरकते कर आपराधिक कृत्य करने का मामला दर्ज कराया है। जिस पर आरोपी शिक्षक विनोद शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। मसूदा के थानाधिकारी गणपतराम ने बताया कि मसूदा उपखण्ड के कुण्ड का लाम्बा निवासी विनोद शर्मा पुत्र श्रवण कुमार (36) अपने ही गांव में एक प्राईवेट स्कूल श्रीबालाजी पब्लिक स्कूल चलाया करता है। विद्यालय में गत 24 फरवरी 2025 को विद्यालय परिसर में नाबालिग छात्राओं के साथ छेड़छाड़ व अश्लील हकरते किया करते थे। दोनों नाबालिग छात्राओं के परिजनों ने अलग-अलग रिपोर्ट पेश की जिसमें एक के परिजन ने अपनी भतिजी व उसकी सहेली दोनो ग्राम कुण्ड का लाम्बा में इसी विद्यालय में अध्ययनरत थी।

# डॉ राकेश कुमार शर्मा विश्व आयुर्वेद परिषद के प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** विश्व आयुर्वेद परिषद की राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक में डॉ राकेश कुमार शर्मा को राजस्थान का नया प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ किशोरीलाल शर्मा अब राष्ट्रीय कार्यकारिणी में विद्यार्थी प्रकोष्ठ प्रभारी मनोनीत किए गए हैं। विश्व आयुर्वेद परिषद के चिकित्सक प्रकोष्ठ एवं मीडिया प्रभारी डॉ पवन सिंह शेखावत ने बताया कि 22 से 23 फरवरी को मथुरा में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में यह घोषणा की गई। डॉ राकेश शर्मा जोधपुर आयुर्वेद विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर शरीर रचना विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के रुप में कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त डॉ शर्मा विश्वविद्यालय में चीफ प्रॉक्टर होने के साथ साथ चेयरमैन नैक-आइक्यूएसी, डायरेक्टर-मानव संसाधन विकास केन्द्र, डायरेक्टर-डॉ एपीजे अब्दुल कलाम केंद्रीय पुस्तकालय, डायरेक्टर-डीपीएमई तथा नोडल ऑफिसर यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ यूनानी, टोंक के रूप में भी कार्य कर रहे हैं। डॉ शर्मा विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल, स्वास्थ्य पत्रिका व विश्वविद्याल समाचारिकी के मुख्य संपादक भी हैं और विश्वविद्यालय में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के प्रकल्प एआईएसएचई के नोडल ऑफिसर सहित और भी कई महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। आप विश्वविद्यालय के सर्वोच्च शासी निकाय प्रबंध मंडल के सदस्य रहे हैं और वर्तमान में गोवा यूनिवर्सिटी में बोर्ड ऑफ स्ट्डीज के सदस्य हैं। पूर्व में इनके पास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. गोविंद सहाय शुक्ल ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक में राजस्थान इकाई के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ किशोरीलाल शर्मा, प्रदेश सचिव डॉ बाबु लाल बराला सहित देशभर के 70 प्रतिनिधि शामिल हुए।

# खाद्य पदार्थो के रखरखाव एवं हाइजीन सेनिटेशन के संबंध में 28 फरवरी को हलवाई समिति भवन में होगा प्रशिक्षण आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि कार्यालय द्वारा अलवर शहर में हलवाई समिति भवन घंटाघर सब्जी मंडी के पीछे अलवर में 28 फरवरी को प्रात: 11 बजे थ्वेज्ंब प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी खाद्य व्यापारियों को ें 2006 ंबज से संबंधित सभी जानकारियां दी जाएगी एवं उनके द्वारा खाद्य पदार्थों के रखरखाव एवं हाइजीन सेनिटेशन के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण दिल्ली से आए ट्रेनिंग पार्टनर द्वारा दिया जाएगा। ट्रेनिंग के पश्चात सभी को सर्टिफिकेट दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण नि:शुल्क प्रदान किय जाएगा। उन्होंने बताया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर द्वारा प्रदेश भर के समस्त खाद्य व्यापारियों के द्वारा किए जा रहे खाद्य पदार्थों के कारोबार के लिए उनके रख-रखाव, हाइजीन एवं सेनिटेशन आदि के लिए एक थ्वेज्ंब प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण सभी खाद्य व्यापारियों के द्वारा किया जाना अनिवार्य है जो कि उनके खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन के नवीनीकरण में काम आएगा।

# जिले में 86 हजार से ज्यादा किसानों की बनी फार्मर आईडी

## अलवर जिले में नवाचार के रूप में फार्मर आईडी के साथ-साथ किसानों को अन्य विभागीय योजनाओं का दिया जा रहा है लाभ

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** एग्रीस्टैक योजना के तहत किसानों को सशक्त करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे किसान रजिस्ट्री शिविर में आज जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित हुए जिसमें अब तक 86819 किसानों की आईडी बनाई गई एवं 89577 किसान केवाईसी तथा 86819 किसान भूमि सत्यापन किए गए। इस दौरान उपस्थित किसानों को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित कराया गया। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि किसान रजिस्ट्री शिविरों में अब तक जिले की तहसील क्षेत्रों में 86819 किसानों की आईडी बनाई गई तथा अलवर जिले में जिला प्रशासन द्वारा नवाचार करते हुए इन शिविरों में केंद्र व राज्य सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ भी किसानों को दिया जा रहा है जिसके तहत उक्त शिविरों में 26421 आयुष्मान कार्ड बनाए गए, 2057 पीएम सूर्यघर बिजली, 3205 लोगों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भौतिक सत्यापन, 3068 मृदा कार्ड वितरित किए गए, 1304 फसल बीमा वितरण, 6226 मंगला पशु बीमा व 2201 किसान क्रेडिट कार्ड वितरण, 11311 नरेगा फार्म भराए गए, 916 जन्म-मृत्य प्रमाण पत्र बनाए गए, 1434 पीएम आवास योजना रजिस्ट्रेशन, 336 किसान कार्ड वितरण व अन्य, 735 प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, 562 प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना एवं 214 अटल बीमा पेंशन योजना से जोड़ कर आमजन को लाभांवित किया गया।

# परिवहन कार्यालय में बढ़ते भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस करेगी प्रदर्शन : मिश्रा

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** जिला परिवहन कार्यालय अलवर में बढ़ते भ्रष्टाचार और विगत डेढ महिने से लाइसेंस के लिए भटक रहे लोगों की परेशानियों को देखते हुए अलवर जिला कांग्रेस कमेटी राजस्थान सरकार और अलवर आरटीओ ऑफिस के खिलाफ जनहित में सडकों पर उतर कर आंदोलन करेगी। जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया कि पिछले करीब एक महीने से अलवर आरटीओ कार्यालय में बढ़ते भ्रष्टाचार और लोगों के लाइसेंस नही बनने के समाचार मीडिया की सुर्खियां बने हुए है लेकिन राजस्थान सरकार ने आज तक इस कार्यालय के खिलाफ कोई कार्यवाही अमल में नही लाई है। उन्होंने बताया कि उनसे कुछ ऐसे युवा मिले है। जिनके लर्निंग लाइसेंस समाप्त हो चुके है लेकिन यहां मौजूद ऑटोमेटिक ट्रैक सुचारू रूप से काम नही कर रहा है यहां कोई भी लाइसेंस अभ्यार्थी पास नही हो पा रहा है जबकि पूर्व में 7 जनवरी से पहले यहां करीब रोजाना 60 लाइसेंस अभ्यर्थी पास किए जाते रहे है ऐसा अचानक क्या हो गया जो इस ट्रैक पर कोई भी अभ्यार्थी पास नही हो पा रहा है। उन्हें मीडिया के माध्यम से पता चला है कि विभाग इस ट्रैक को खराब बता कर बंद करवाने के मूड में है ताकि वे यहां फिर से इंस्पेक्टरों के हाथ में लाइसेंस की कमान थमा दे और इंस्पेक्टर कागजी ड्राइवर पैदा करे जो आए दिन दुर्घटना का कारण बनेगे। उन्होंने कहा कि वे विभाग के अधिकारियों की ट्रैक बंद करने की मंशा को कभी पूरा नही होने देगे क्योंकि यह ट्रैक कांग्रेस पार्टी ने अपने शासन काल में करोड़ों रुपये की लागत से बनवाया था ताकि यहां आने वाला प्रत्येक लाईसेंस धारक परिपूर्ण वाहन चला सके तभी उसे लाईसेंस जारी किया जाएं। मिश्रा ने आरटीओ विभाग को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उन्होंने इस ऑटोमेटिक ट्रैक को बंद करने का प्रयास भी किया तो कांग्रेस चुप नही बैठेगी वहीं उन्होंने कहा कि पता चला है कि यहां वाहन निरीक्षण से लेकर हर फाईल पर सुविधा शुल्क लिया जा रहा है जो कि भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है इसलिए विभाग इस प्रकार की कारगुजारियों से बचे और जनता का काम पूर्ण ईमानदारी से करे वरना कांग्रेस राजस्थान सरकार और आरटीओ ऑफिस के खिलाफ जनहित में प्रदर्शन करेगी।

# विवि में एबीवीपी के कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन : कुलपति ने सीढ़ियों पर बैठकर सुनी बात, बोले- पेपर लीक मामले की जांच हो रही

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )** । राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय में पिछले दिनों कंप्यूटर का पेपर एग्जाम से पहले बाहर आने के मामले में गुरुवार को एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। उनकी बात सुनने आए कुलपति का घेराव कर दिया। इसके बाद कुलपति ने सीढ़ियों पर ही बैठकर छात्रों की बात सुनी। आश्वस्त किया गया कि पेपर लीक मामले की शिकायत पुलिस को दी जा चुकी है। जांच के बाद पता चलेगा कि पेपर लीक कैसे हुआ।

दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ज्ञापन देने के बाद कार्यकर्ता वापस लौटे। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने वीसी को कहा- यूनिवर्सिटी से पेपर



लीक हो रहे हैं और आप राजस्थान विश्वविद्यालय की बात कर मुद्दे को भटकाना चाह रहे हैं। दूसरा सेकेंड सेमेस्टर का रिजल्ट नहीं आया है। तीसरा पुनर्मूल्यांकन नहीं होने से हजारों छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया गया है। अब वापस पुनर्मूल्यांकन किया जाना शुरू होगा। बीच में बंद कर दिया गया। इसके अलावा फीस को लेकर बार-बार छात्रों की मांग उठती रही लेकिन उनकी सुनवाई नहीं की गई।

उत्तर पुस्तिकाएं आरटीआई से नहीं दी गई। इन सबके कारण हजारों विद्यार्थी परेशान होते रहे। छात्रों की शिकायत सुनने के बाद वीसी ने कहा- पेपर लीक मामले को लेकर पुलिस जांच कर रही है। पुनर्मूल्यांकन पहले कई यूनिवर्सिटी में बंद किया गया था।

इन सब जवाबों के बाद भी छात्रों ने पूछा कि पेपर लीक कैसे हो रहे हैं। यह भी कहा कि फीस का मुद्दा तो आपके हाथ में है। समय पर रिजल्ट नहीं आता है। आखिर में एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने वीसी को ज्ञापन दिया।

# जिले 40 प्रगतिशील किसानों का दल मशरूम उत्पादन की उन्नत तकनीकी का प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु दिल्ली रवाना

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** किसानों को नई तकनीक सिखाने के उद्देश्य से गुरुवार को जिले 40 प्रगतिशील किसानों का दल राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान नई दिल्ली में सात दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए रवाना हुआ। प्रशिक्षण दल को अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय श्री योगेश डागुर एवं कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक श्री पी.सी मीना ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक श्री पी.सी मीना ने बताया कि किसानों से कहा कि संस्थान के विषय विशेषज्ञों से अच्छी तरह करें व कृषि में नवाचार करें तथा प्रशिक्षण में सीखी गई मशरूम उत्पादन तकनीकों का अपने गांवों में अधिकाधिक प्रचार-प्रसार कर अन्य किसानों को इसके लिए



प्रोत्साहित करें। उप निदेशक आत्मा डॉ. संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2024-25 में राजस्थान कौशल एवं क्षमता संवर्धन घोषणा के तहत आत्मा योजनान्तर्गत जिले की अलग-अलग पंचायत समितियों से चयनित 40 प्रगतिशील किसानों के दल को 5 मार्च तक मशरूम उत्पादन की उन्नत तकनीकी व प्रसंस्करण विषय के संबंध में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान में भेजा गया है। दल के प्रभारी सहायक कृषि अधिकारी श्री हरी सिंह हैं जिनके नेतृत्व में कृषकों का यह दल भेजा गया है। इस अवसर पर उद्यान विभाग के उप निदेशक श्री के.एल मीना, सहायक निदेशक श्री मंगतू राम शर्मा, कृषि अधिकारी श्री जितेन्द्र फौजदार व श्री बी.डी पलसानिया मौजूद रहे।

# 'मिशन आकाश' एनीमिया एवं कुपोषण मुक्त अलवर अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में आज जिले में चलाए जा रहे 'मिशन आकाश' एनीमिया एवं कुपोषण मुक्त अलवर अभियान के संबंध में सीएमएचओ कार्यालय के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में 14 फरवरी से जिला प्रशासन का नवाचार 'मिशन आकाश' एनीमिया एवं कुपोषण मुक्त अलवर अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने सभी चिकित्सा अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने तथा अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही ब्लॉक स्तर पर कार्मिकों को प्रशिक्षण देंवे तथा अभियान के तहत अन्य विभागों का भी सहयोग लेवे।उन्होंने निर्देश दिये कि समस्त आंगनबाडी केंद्रों पर जिले के 0 से 6 वर्ष तक के लक्षित 130449 बच्चों एवं 10537 गर्भवती महिलाओं की एनीमिया एवं कुपोषण की जांच एवं उपचार करें। उन्होंने निर्देश दिये कि स्क्रीनिंग के दौरान लक्षणों के आधार पर हिमोग्लोबिन की जांच कर गंभीर एवं अति गंभीर एनीमिया से ग्रसित को राजकीय उच्च चिकित्सा संस्थान पर शिशु रोग विशेष द्वारा उपचार के लिए रेफर करें। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरते।

इस दौरान जिला प्रजनन एवं शिशु स्वासयि अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा, सांख्यिकी अधिकारी डीएनओ श्री मनीष कुमार, डीपीसी श्री डूंगाराम भौवाल, श्री राकेश कुमार, डॉ. दिनेश मीना, डॉ. शोलर मीना, श्री तरूण, चंचल कुमार जैन सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# अपनाघर में अपना बाज़ार श्रृंखला के अंतर्गत अर्बन स्क्वायर गैलेरिया मॉल में, डोमिनोज पिज़्ज़ा शॉप का हुआ शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** त्रेहान ग्रुप के सीएमडी हर्ष त्रेहान, रेनू त्रेहान, डायरेक्टर अशोक सैनी, रजनी सैनी, डायरेक्टर यशपाल इकदया, प्रोजेक्ट इंचार्ज सजिमोहन द्वारा आज इस नवनिर्मित अर्बन स्क्वायर गैलरिया मॉल में डोमिनोज पिज्जा शॉप का विधिवत उदघाटन किया गया।

इस अवसर परडोमिनोज के क्लस्टर प्रमुख केसर सिंह नेगी, सर्किल प्रमुख सुनील पवार के साथ डोमिनोज व त्रेहान ग्रुप का स्टॉफ मौजूद रहा।

त्रेहान ग्रुप के सीएमड हर्ष त्रेहान, डायरेक्टर अशोक कुमार सैनी व डायरेक्टर यशपाल इकदया ने जानकारी दी कि मॉल में जल्दी ही मिराज सिनेमा चार स्क्रीन के साथ, नाथूज स्वीट्स, रोजाना ग्रोसरी के शोरूम खुलने जा रहे हैं जिनके खुलने से अलवरवासियों व शालीमार वासियों को काफी सहूलियत होगी।

# गिव अप अभियान के तहत 77 व्यक्तियों को नोटिस जारी

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** राज्य सरकार द्वारा अपात्र खाद्य सुरक्षा लाभार्थियों को स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा सूची से नाम हटवाने के लिए जिले में 31 मार्च तक चलाए जा रहे गिव अप अभियान के तहत अपात्र उपभोक्ताओं की पहचान हेतु 77 परिवारों को नोटिस जारी किए गए हैं। पात्रता नहीं होने के बावजूद भी खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ लेने की स्थिति में दोषियों के विरूद्ध विधिक कार्रवाई अमल में लाई जावेगी।

जिला रसद अधिकारी श्री विनोद जुनेजा ने बताया कि विभाग द्वारा गिव अप अभियान के तहत नाम हटाने की प्रक्रिया का सरलीकरण कर दिया गया है।

# चंद्रशेखर आजाद की मनाई गई पुण्यतिथि



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर(राजकुमार गुप्ता)।** अमूल्य भारत फाउंडेशन चेरिटेबल ट्रस्ट अलवर द्वारा देश के महान क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर फाउंडेशन के देवराज शर्मा ने बताया कि भारत को आजाद कराने के लिए कई स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जिंदगी कुर्बान कर दी थी। उन्हीं महान स्वतंत्रता सेनानियों में से एक नाम चंद्रशेखर आजाद का है। हालांकि, इनका असली नाम चंद्रशेखर तिवारी था,लेकिन आजाद उनकी पहचान कैसे बनी, इसके पीछे भी एक कहानी है। आजाद कहते थे दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे,हम आजाद हैं और आजाद ही रहेंगे। आज देश के महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि है। आज ही के दिन 27 फरवरी 1931 को प्रयागराज के पार्क में वे शहीद हुए थे, आज उस पार्क का नाम चंद्रशेखर आजाद पार्क हैं। वह एक ऐसे युवा क्रांतिकारी थे,जिन्होंने अपने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपनी जान दे दी। उन्होंने ठान लिया था कि वे कभी भी अंग्रेजों के हाथ नहीं आएंगे।

# रीट का पहले दिन का पेपर खत्म

## सेंटर पर मंगलसूत्र-चूड़ी उतरवाकर दी एंट्री, हाथ-पैर के धागे भी काटे; लेट आने पर रोने लगी युवती



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )** । रीट का पहले दिन की दो पारियों का एग्जाम खत्म हो गया है। पहली पारी में गुरुवार सुबह 10 बजे से पेपर शुरू हुआ था। अभ्यर्थियों को सुबह 9 बजे तक प्रवेश दिया गया। अलवर जीडी कॉलेज के बाहर यूपी से आई एक महिला अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिला तो वह रोने लगी। उसने कहा- तीन दिन पहले घर से एग्जाम देने के लिए निकली थी।

एग्जाम सेंटर जीडी कॉलेज की गूगल लोकेशन से पहले पीछे की तरफ चले गए। वहां से वापस मुख्य गेट की तरफ आए। इस कारण 2 मिनट देर हो गई। लेकिन एग्जाम में नहीं प्रवेश करने दिया गया। यहां दो-तीन अन्य छात्राओं को भी एग्जाम सेंटर में नहीं घुसने दिया गया।आर्य कन्या उमावि हसन खां में अभ्यर्थी रोहित ने अपने पैर के धागे को तोड़ते हुए कहा- रीट के एग्जाम में पास होने के लिए यह धागा बंधवाया था। अब परीक्षा से पहले इसे तोड़ना पड़ा है। इसी तरह महिला अभ्यर्थियों ने भी पैर में धागा बांध रखा था। उनको भी कैची से कटवाना पड़ा।

रीट के एग्जाम में बायोमैट्रिक एंट्री की गई। एक-एक अभ्यर्थी की फोटो भी स्कैन की गई है। इस प्रक्रिया में काफी समय लगा। सुबह 9 बजे से पहले यह प्रक्रिया चली। हर सेंटर पर बायोमैट्रिक मशीन से एंट्री दो-तीन मशीनों से की गई। एक-दो सेंटर बायो मैट्रिक भी खराब होने की सूचना मिली।

# अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) को लेकर बानसूर प्रशासन रहा मुस्तैद

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** राजस्थान सरकार के आदेशानुसार माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर की ओर से आयोजित करवाई जा रही राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) 27 एवं 28 फरवरी को लेकर स्थानीय प्रशासन मुस्तेद रहा। गुरुवार प्रात: पहली पारी में लेवल एक की परीक्षा प्रात: 10 से दोपहर साढ़े 12 बजे तक आयोजित हुई। जिसमें भाग लेने वाले सभी परीक्षार्थियों को प्रात: 9 बजे के बाद प्रवेश नहीं दिया गया। वहीं प्रवेश देने के लिए परीक्षार्थियों की पूरी जांच पड़ताल करके बायोमेट्रिक मशीन से पहचान करने के बाद प्रवेश दिया गया।प्रथम दिन परीक्षा दो पारियों में सुबह 10 से दोपहर 12.30 बजे तक एवं दोपहर 3 से शाम 5.30 बजे तक आयोजित हुई। वहीं 28 फरवरी को प्रात: 10 से दोपहर 12.30 बजे तक उपखण्ड क्षेत्र मुख्यालय सहित जिला मुख्यालय




के विभिन्न परीक्षा केन्द्रो पर परीक्षा का आयोजन होगा।किस पारी में कितने परीक्षार्थियों ने भाग लिया यह जानकारी जिला मुख्यालय द्वारा प्राप्त नहीं हुई है। स्थानीय प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं है यह जानकारी एसडीएम के सहायक राजेश जोशी ने दी। मिली जानकारी के अनुसार बानसूर उपखण्ड क्षेत्र में लेवल प्रथम की दो परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित हुई वहीं लेवल दो की 6परीक्षा केन्द्रो पर परीक्षा आयोजित हुई, तथा लेवल द्वितीय की 28फरवरी को होने वाली परीक्षा 6 केंद्रों पर आयोजित होगी। परीक्षा को सुरक्षित और जिम्मेदारी से पूर्ण कराने के लिए उपखण्ड अधिकारी अनुराग हरित व वृताधिकारी दशरथसिंह तथा जोनल अधिकारी एलबीएस के डॉ सतवीर यादव व बासदयाल थाना प्रभारी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में रीट परीक्षा का सफल आयोजन हुआ।परीक्षा में कितने विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिला मुख्यालय द्वारा हमें अभी जानकारी नहीं मिली है।

# लगभग 640 पूर्व आईड़ाणा ठाकुर राव (राणा) रतन सिंह परिहार द्वारा निर्मित प्राचीन तिर्थ स्थल कोटेश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि धुमधाम से मनाई

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिले के आमेट उपखंड क्षेत्र के पुर्व आईड़ाणा ठाकुर राव (राणा) रतन सिंह परिहार जागीर क्षेत्र टिकर में लगभग 640 वर्ष पुर्व निर्मित त्रिवेणी संगम पर स्थित प्राचीन तीर्थ स्थल श्री कोटेश्वर महादेव जी मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्रि बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। हर साल की तरह इस साल भी महाशिवरात्रि पर्व को ग्रामीणों द्वारा विशेष आयोजन किये गये। वहीं महिदेव मंदिर के आसपास क्षैत्रो से गुजरते हुए सम्पूर्ण टीकर गांव से प्रारंभ होकर बस स्टैंड होते हुए कोटेश्वर महादेव जी मंदिर तक वरघोड़ा निकाला गया।शिव भक्त डीजे की धुन पर नाचते झूमते हर हर महादेव के जयकारा के साथ कोटेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे ओर महा आरती के दर्शन का लाभ लिया ।

# कोटा में पहले दिन रीट परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न, कलक्टर ने किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) जिले में गुरुवार को प्रथम एवं द्वितीय पारी में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिले में कुल 171 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां परीक्षार्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी ने बताया कि जिले में परीक्षा दो पारियों में आयोजित की गई। प्रथम पारी के लिए 44 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए थे, जहां कुल 13,605 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 11993 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इसी प्रकार, द्वितीय पारी में 67 परीक्षा केंद्रों पर 21,044 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 19559 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। कोटा में परीक्षा के पहले दिन 91.06 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। शुक्रवार को आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए भी प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। शुक्रवार को सुबह की पारी में 60 परीक्षा केंद्रों पर कुल 19,131 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

**कलक्टर ने देखी परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्थाएं :** जिला कलक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी ने परीक्षा केन्द्रों पर जाकर रीट परीक्षा की व्यवस्थाएं देखी। डॉ. गोस्वामी सबसे पहले जे.के. लोन हॉस्पिटल के सामने महात्मा गांधी अंग्रेजी उच्च माध्यमिक विद्यालय (वोकेशनल) में बनाए गए रीट परीक्षा केंद्र पहुंचे और वहां अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न कक्षों में जाकर अभ्यर्थियों की उपस्थिति सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी ली।

जिला कलक्टर नयापुरा स्थित राजकीय महाविद्यालय एवं आर्ट्स कॉलेज स्थित परीक्षा केन्द्र पर भी गए। उन्होंने स्ट्रॉंग रूम का भी निरीक्षण किया और वहां उपस्थित अधिकारियों से पेपर के परीक्षा केंद्र में वितरण को लेकर की गई व्यवस्था के बारे में जानकारी ली।

**समय पर पहुंचें, तय समय के बाद नहीं मिलेगा प्रवेश :** अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश के लिए निर्धारित समय सीमा का सख्ती से पालन किया जाएगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पूर्व तक ही प्रवेश की अनुमति होगी। अतः अभ्यर्थियों को समय से पहले परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने की सलाह दी गई है।

**परीक्षा में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित :** सीडीईओ के.के. शर्मा ने बताया कि परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। प्रत्येक केंद्र पर एरिया एवं जोनल अधिकारी, केंद्र पर्यवेक्षक, पेपर कोऑर्डिनेटर और फ्लाइंग स्क्वॉड तैनात किए गए हैं। अनुचित साधनों की रोकथाम के लिए सख्त प्रबंध किए गए हैं, जिसमें बायोमेट्रिक उपस्थिति, फेस रिकॉग्निशन और फ्रीस्किंग जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। परीक्षार्थियों को अपने प्रवेश पत्र, काला या नीला बॉलपेन और आधार कार्ड एवं अन्य मान्य पहचान पत्र की स्वप्रमाणित प्रति अनिवार्य रूप से साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं।

## गर्लफ्रेंड के लगातार पैसे मांगने से परेशान एसएससी की तैयारी कर रहे युवक ने आत्महत्या की

### 5 साल से चल रहा था अफेयर, युवती के परिवार पर पैसे मांगने व मारपीट करने का आरोप

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** एसएससी की तैयारी करने के साथ एक हॉस्टल में वार्डन का जॉब भी करने वाले एक युवक ने अपने निर्माणाधीन मकान में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि इसका एक युवती से 5 साल से अफेयर चल रहा था। अब यह युवती उससे लगातार पैसे मांगने लगी थी। इसके अलावा आत्महत्या से पहले इस युवक से युवती के भाई ने बुरी तरह मारपीट भी की थी। यह मामला शहर के भीमगंजमंडी थाना इलाके का है। भीमगंजमंडी थाना पुलिस के अनुसार, जितेन्द्र उर्फ सेंकी (29) नंदा जी बाड़ी, खेड़ली फाटक इलाके में रहता था। बुधवार रात करीब 8 बजे वह निर्माणाधीन मकान में फांसी पर लटका मिला था। परिजन उसे नीचे उतारकर एमबीएस हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। गुरुवार को शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने शिकायत दी है कि जितेन्द्र का किसी युवती के साथ अफेयर चल रहा था।

वह उससे पैसे मांगती थी। इसके अलावा उसके भाई ने उसके साथ मारपीट भी की। इसी से तनाव में आकर उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**मृतक के मामा ने यह किया खुलासा :** इस मामले में जितेन्द्र के मामा जयप्रकाश ने बताया कि एसएससी की तैयारी करने के साथ वह किसी हॉस्टल में वार्डन का काम भी करता था। करीब 5 साल से उसका एक युवती से अफेयर चल रहा था। एक साल से यह युवती जितेन्द्र से पैसों की डिमांड करने लगी थी। इससे वह तनाव में रहने लगा था। उसके पिता ऑटो रिक्शा चलाते हैं। जयप्रकाश का कहना है कि बुधवार को युवती के भाई ने जितेन्द्र को अपनी दुकान पर बुलवाया तो वह दोपहर 1 बजे करीब उसके पास गया। वहां युवती के भाई ने जितेन्द्र को दुकान के अंदर बंद कर पैसों की मांग करते हुए जमकर पीटा।

**जितेन्द्र को दुकान से छुड़ाकर निकाला :** मामा जयप्रकाश का कहना है कि इस बात का पता लगने पर वह मौके पर गया और दुकान के अंदर जाकर जितेन्द्र को छुड़वाया। इसके बाद शाम करीब बजे तक जितेन्द्र उसके साथ ही रहा। बाद में जितेन्द्र अपने निर्माणाधीन मकान पर चला गया। जयप्रकाश के अनुसार रात 8 बजे करीब वह वहां गया तो जितेन्द्र नल के पाइप पर फंदे से लटका हुआ मिला।

जयप्रकाश का कहना है कि युवती के भाई ने 4-5 दिन पहले जितेन्द्र का मोबाइल छीन लिया था। जितेन्द्र की मौत की सूचना मिलते ही युवती के परिजनों ने यह मोबाइल और गिफ्ट लौटा दिए।

## निवाई 'स्वारतिक तेल' को 'निवाई स्वास्तिक' तेल के रूप में भ्रमित कर बेचा जा रहा था, 1 हजार 860 किलो मूंगफली का तेल सीज

### कोटा में लगातार जारी है खाद्य सुरक्षा दल की बड़ी कार्रवाई, मिलावटियों व अन्य घपलेबाजों में हड़कम्प

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (राजीव सक्सेना)।** कोटा प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे 'कामयाब कोटा व राज्य में चलाए जा रहे ' शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा दल ने गुरुवार को केशवरायपाटन रोड स्थित विनायक एनक्लेव में तेल विक्रेता की एक फर्म का निरीक्षण किया। यहां निवाई स्वारतिक मूंगफली तेल को निवाई स्वास्तिक मूंगफली तेल के नाम से मिलता-जुलता नाम होने के कारण शक के आधार पर सीज किया गया।

यह कार्रवाई आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण एच गुइटे के मार्गदर्शन, जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी के निर्देशन में तथा अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेंद्र नागर के नेतृत्व में की गई।

**इस तरह की गई थी कारस्तानी :** इस समय मूंगफली तेल का बाजार भाव 2700-2800 रुपए पीपा (15 किलो) है। जबकि निवाई स्वारतिक नाम से यह तेल 2200 रुपए प्रति पीपा बेचा जा रहा था। इसकी बाहर की पैकिंग डोरी व टिन के ढक्कन पर भ्रमित करने के लिए निवाई स्वास्तिक लिखा हुआ था, जबकि इसे पैक मिलते-जुलते नाम निवाई स्वारतिक के नाम से यह पैक किया जा रहा है।

डिस्प्ले पर स्वारतिक इस प्रकार लिखा है कि पढ़ने पर यह स्वास्तिक लगे। इस कार्रवाई के दौरान मौके पर 33 कार्टन (प्रत्येक कार्टन में 5 किलो की 4 पीपी) व 15 किलो के 80 टिन पाए गए। 5 किलो की पीपी व 15 किलो के टिन से एक-एक नमूना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत लेकर कुल 33 कार्टन व 80 टिन में रखा कुल 1 हजार 860 किलो मूंगफली का तेल सीज किया गया। विक्रेता ने यह तेल पाली स्थित निवाई स्वास्तिक प्रा. लि. से खरीदना बताया। खाद्य सुरक्षा टीम ने अन्य प्रतिष्ठानों से भी 9 सेम्पल लिए। इन सभी कुल 11 नमूनों को जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, कोटा भिजवाया जा रहा है। वहां से प्राप्त होने वाली रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगे कार्रवाई की जाएगी।

**कार्रवाई करने वाली टीम में ये रहे शामिल :** इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, अरुण सक्सेना, चंद्रवीर सिंह जादोन व मोजी लाल कुम्भकार तथा सहायक चेतराम भी शामिल रहे।





## भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी के साथ 'विचार संगम' का आयोजन 2 मार्च को

### पोर्टल पर भाग लेने के इच्छुक लोगों का पंजीयन शुरू, केरियर पॉइंट ऑडिटोरियम, डकनिया स्टेशन पर होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी के एक दिवसीय कोटा प्रवास को लेकर जिलाध्यक्ष राकेश जैन की अध्यक्षता में जीएमए प्लाजा सभागार में पदाधिकारियों की तैयारी बैठक हुई। इसमें कोटा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने बताया कि 2 मार्च, रविवार को दोपहर 12 बजे रोड नंबर 1, डकनिया स्टेशन स्थित केरियर पॉइंट ऑडिटोरियम में सुधांशु त्रिवेदी के साथ 'विचार संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें सुधांशु त्रिवेदी कोटा शहर के प्रबुद्धजनों सहित भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करेंगे। कार्यक्रम में व्यवस्था की दृष्टि से भाजपा कोटा शहर की ओर से केरियर पॉइंट ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए ऑनलाइन पोर्टल फार्म के माध्यम से जानकारी भरकर पंजीयन करवाया जा रहा है।

**बैठक में ये पदाधिकारी रहे मौजूद :** बैठक में जिला महामंत्री चंद्रशेखर नरवाल, जिला उपाध्यक्ष जटाशंकर शर्मा, नेता खंडेलवाल, रितेश चित्तौड़ा, लक्ष्मण सिंह खींचीं, देवेन्द्र राही, सुरभि शाह झामनानी, जिला मंत्री राजेन्द्र अग्रवाल, रेखा खेलवाल, अंजू बाला सैन, प्रदेश सोशल मीडिया से मयंक सेठी, जिला कार्यकारिणी सदस्य शैलेन्द्र ऋषि, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कविता पचवारिया, चिकित्सा प्रकोष्ठ से डॉ. अमित व्यास, केपी सिंह, रमेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष संजय सैनी, अक्षय चौधरी, पन्नालाल बंजारा, नरेन्द्र मेघवाल, मनोज गोस्वामी, लव आजाद, दिनेश सरसिया, रामचंद्र नागर, ओम शंकर सुमन, मंडल प्रतिनिधि बृजमोहन गौड़, सोनिया सिंह राठौड़, धर्मेन्द्र सिंह हाड़ा, सुरेश सिंह जादौन, हरकचंद जैन, कुलदीप सिंह तलवार, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा, रमेश शर्मा, खेमचंद शाक्यवाल, प्रदीप बोहरा, रोहित महावर आदि मौजूद रहे।

## इनरव्हील क्लब कोटा की ओर से 30 जोड़ों का निःशुल्क विवाह सम्मेलन 2 मार्च को होगा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** इनरव्हील क्लब कोटा 2 मार्च को रोटरी बिनानी सभागार में 30 जरूरतमंद जोड़ों का सर्वजातीय सर्वधर्म निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करेगा। इस पुनीत आयोजन में सभी जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार वैदिक विधि-विधान से सम्पन्न कराया जाएगा। क्लब अध्यक्ष चारू जैन और सचिव डॉ. नीता जैन ने बताया कि 30 दूल्हों की भव्य बारात शीतला माता मंदिर, न्यू कॉलोनी, गुमानपुरा से घोड़ियों पर सवार होकर बेंड बाजों की धुन पर रवाना होकर रोटरी बिनानी सभागार पहुंचेगी। इसमें क्लब सदस्याएं, क्लब अधिकारी और बाराती नाचते गाते शामिल होंगे। क्लब की वाइस प्रेसिडेंट निशा जैन वेद ने बताया कि सम्मेलन के मुख्य अतिथि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला नवयुगलों को आशीर्वाद देंगे। प्रांत 305 की प्रांतीय अध्यक्ष स्वाति गुप्ता विशेष अतिथि होंगी । क्लब अध्यक्ष चारू जैन और सचिव डॉ. नीता जैन ने बताया कि सभी क्लब सदस्यों के आर्थिक सहयोग से नवयुगलों को गृहस्थी का सारा सामान दिया जाएगा। प्रोजेक्ट चेयरमैन पूनम गोयल और को-चेयरमैन किरण अग्रवाल इस विशाल सम्मेलन की व्यवस्थाओं का संचालन करेंगी। मीडिया को-ऑर्डिनेटर निशा जैन ने बताया कि क्लब का यह स्गनेचर प्रोजेक्ट है। वर्षों से क्लब इस प्रोजेक्ट को करता आया है। रोटरी क्लब के पदाधिकारी, अन्य क्लबों के पदाधिकारी, क्लब सदस्य, पीडीसी, पास्ट प्रेसिडेंट्स और एग्जिक्यूटिव मेम्बर्स भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे।

## विधायक संदीप शर्मा ने सदन में नियम 295 के तहत उठाया मामला, कहा-बाघ आएं तो मुकुंदरा बने ट्यूरिस्ट डेस्टिनेशन

बढ़ता राजस्थान




**कोटा ( का.स. )।** कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने गुरुवार को विधानसभा में नियम 295 के तहत मुकुंदरा टाई6गर हिल्स रिजर्व में बाघों की शिफ्टिंग का मामला उठाया। मुकुंदरा के इतिहास का वर्णन करते हुए उन्होंने सदन में कहा कि यह पूरा क्षेत्र 80 के दशक में बाघों का बसेरा हुआ करता था, लेकिन विभिन्न कारणों से यहां पर बाघ समाप्त हो गए। चम्बल नदी के साथ ही जैव विविधता से जलवायु और वान्यिकी परिस्थिति बाघों के अनुकूल होने के चलते यहां पर बाघ रिजर्व बनाया गया। इस रिजर्व में वर्ष 2020 में बाघों की जोड़ियां बनाकर लाई गईं, किंतु कांग्रेस सरकार ने न तो इनके स्वास्थ्य पर ध्यान दिया और न ही इनकी सुरक्षा का ध्यान रखा। नतीजा यह हुआ कि 3 वर्षों में ही 3 बाघों की मृत्यु हो गई। अब 760 वर्ग किलोमीटर में फैले इस विशाल रिजर्व में मात्र 3 बाघ ही बचे हैं। विधायक शर्मा ने कहा कि गत वर्ष राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण द्वारा मुकुंदरा में 1 बाघ और 2 बाघिन को लाने की स्वीकृति भी मिल चुकी है, लेकिन अभी तक इन बाघों की शिफ्टिंग नहीं होने सकी है। इसी प्रकार इंटरस्टेट बाघ कॉरिडोर के लिए भी बाघों के आदान-प्रदान योजना में महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के टाइगर रिजर्व से मुकुंदरा में बाघ लाने की योजना को भी बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने मंजूरी दे दी है। वहीं दोनों राज्य सरकारों ने भी सैद्धांतिक सहमति दे दी है। मुकुंदरा में बाघ आने से न केवल यहां के प्राकृतिक अनुकूल वातावरण का लाभ बाघों को मिलेगा अपितु कोटा के वन्य पर्यटन में भी इजाफा होगा। विधायक ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने कोटा में पर्यटन के विकास के लिए न योजना बनाई और न प्रयास किए। इसलिए बाघों की सुरक्षा और शिफ्टिंग में कोई ठोस काम नहीं हुआ। अब भजनलाल सरकार में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों को उनकी खासियत के हिसाब से विकसित करने और पर्यटन मानचित्र पर लाने का काम आगे बढ़ाया गया है। चम्बल वाटर स्पोर्ट्स और चम्बल सफारी के माध्यम से पर्यटन के विकास के लिए सरकार प्रयास कर रही है। सरकार ने इस बजट में मुकुंदरा अभ्यारण्य में वन्य जीवों को पीने के पानी उपलब्ध करवाने के लिए प्रावधान किया गया है, इसलिए अब बाघों की शिफ्टिंग तत्काल करवाई जाए। इससे मुकुंदरा में आने वाले पर्यटकों की संख्या में कई गुना इजाफा होगा और कोटा की अर्थव्यवस्था को अतिरिक्त गति मिलेगी।

### पाणिनि संयुक्त विद्यार्थी सायं शाखा का वार्षिक उत्सव आयोजित

## समाज में अनुशासन का भाव जागृत होना चाहिए : प्रांत प्रचारक मुरलीधर

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** पाणिनि संयुक्त विद्यार्थी सायं शाखा का वार्षिक उत्सव विवेकानंद शाखा स्थल पर आयोजित हुआ। इसमें मुख्य वक्ता प्रांत प्रचारक मुरलीधर रहे। महानगर संघचालक गोपाल गर्ग और नगर संघचालक सत्यनारायण कांसठ भी इस अवसर पर मौजूद रहे। शाखा कार्यवाह मानविक ने यह जानकारी दी। इस मौके पर प्रांत प्रचारक मुरलीधर ने अपने सम्बोधन में सभी को स्वदेशी भाव, सेवा भाव, समर्पण भाव व देशभक्ति के भाव के बारे में बताया। मुख्य वक्ता ने कहा कि शाखा में संस्कृति व अनुशासन का भाव सिखाया जाता है। गण शिक्षक जो आज्ञा दें, उसका पालन सभी को करना होता है। अगर बैठने के लिए कहा जाए तो सब एक साथ बैठते हैं। समता में पैर से पैर मिलता है। आज सार्वजनिक जीवन में जितना बड़ा अधिकारी होता है, उतना ही अनुशासन तोड़ता है। ऐसे में आज आवश्यकता इस बात की है कि अनुशासन का भाव समाज में जागृत होना चाहिए। यह भाव जागृत होना चाहिए कि मुझे अनुशासन पालन करना है। अनुशासित जीवन जीना है। जब कदम से कदम मिलते हैं तो मन मिलते हैं, क्योंकि जब मन नहीं मिलते तो एक दूसरे में द्वेषता की भावना पैदा होती है। प्रांत प्रचारक मुरलीधर ने आगे कहा- छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता और टूटे मन से कोई खड़ा नहीं हो सकता। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों के द्वारा घोष का वादन किया गया। विभिन्न प्रकार की रचनाएं बनाई गईं। शाखा में नियुद्ध, समता, दंड युद्ध, दंड योग आदि का प्रदर्शन किया गया।

## पुण्यतिथि पर चंद्रशेखर आजाद को भाजपा ने अर्पित की पुष्पांजलि

### कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राकेश जैन ने कहा-आजाद खुद पूरी फौज के बराबर थे

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** महान स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि के अवसर पर गुरुवार को उन्हें भाजपा की ओर से श्रद्धांजलि दी गई। इसके लिए जिलाध्यक्ष राकेश जैन के सानिध्य में जीएमए प्लाजा के सभागार में पुष्पांजलि कार्यक्रम हुआ। इसमें कार्यकर्ताओं ने चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि चन्द्रशेखर आजाद महान स्वतंत्रता सेनानी थे। वे अपने आप में खुद एक पूरी फौज थे। वे शहीद राम प्रसाद बिस्मिल व शहीद भगत सिंह सरीखे क्रान्तिकारियों के अनन्य साथियों में शामिल थे। उनसे प्रेरणा लेकर हजारों युवक स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े थे। इस कार्यक्रम में जिला महामंत्री चंद्रशेखर नरवाल, जिला उपाध्यक्ष जटाशंकर शर्मा, नेता खंडेलवाल, रितेश चित्तौड़ा, लक्ष्मण सिंह खींचीं, देवेन्द्र राही, सुरभि शाह झामनानी, जिला मंत्री राजेन्द्र अग्रवाल, रेखा खेलवाल, अंजू बाला सैन, प्रदेश सोशल मीडिया से मयंक सेठी, जिला कार्यकारिणी सदस्य शैलेन्द्र ऋषि, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कविता पचवारिया, चिकित्सा प्रकोष्ठ से डॉ. अमित व्यास, केपी सिंह, रमेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष संजय सैनी, अक्षय चौधरी, पन्नालाल बंजारा, नरेन्द्र मेघवाल, मनोज गोस्वामी, लव आजाद, दिनेश सरसिया, रामचंद्र नागर, ओम शंकर सुमन, मंडल प्रतिनिधि बृजमोहन गौड़, सोनिया सिंह राठौड़, धर्मेन्द्र सिंह हाड़ा, सुरेश सिंह जादौन, हरकचंद जैन, कुलदीप सिंह तलवार, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा, रमेश शर्मा, खेमचंद शाक्यवाल, प्रदीप बोहरा, रोहित महावर आदि ने चंद्रशेखर आजाद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस शुक्रवार को

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी, शुक्रवार को मनाया जाएगा। इसके तहत गुरूवार को डी.सी.एम रोड स्थित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय में कई राजकीय, निजी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र व छात्राओं द्वारा भ्रमण कर मॉडल्स की जानकारी ली एवं वैदिक गणित के विशेषज्ञ रघुवीर सिंह सोलंकी द्वारा वैदिक गणित के चार्ट्स के माध्यम से त्वरित गणना के गुर सिखाए गए। क्षेत्रीय कार्यालय में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जारी महान वैज्ञानिक भारत रत्न प्रो. सी.वी. रमन की स्मृति में जारी बेजेस अति. जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, अति. जिला कलक्टर (सीलिंग) कृष्णा शुक्ला, सीएमएचओ डॉ. नरेंद्र नागर, सहायक निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग रचना शर्मा, सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग नरेश मीणा एवं जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को चिन्ह लगाकर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम की जानकारी दी गई।

विज्ञान केन्द्र के सहायक निदेशक विकास शर्मा ने बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन 28 फरवरी विज्ञान केन्द्र में किया जाएगा।

# एनसीआर और टीटीजेड में होने के कारण नहीं हो रहा भरतपुर का औद्योगिक विकास, बाहर निकालने की जरूरत : डॉ. सुभाष गर्ग

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** विधानसभा में राज्य बजट पर बहस के दौरान स्थानीय विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने ने केवल भरतपुर के औद्योगिक विकास के साथ-साथ अन्य कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए बल्कि राज्य स्तर की कई समस्याओं की ओर भी भजन लाल सरकार का ध्यान आकर्षित किया। भरतपुर क्षेत्र से जुड़े प्रमुख मुद्दों में यमुना का पानी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आरबीएम अस्पताल में सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं समेत कई मामले शामिल हैं। बजट बहस में सम्मिलित होते हुए डॉ. सुभाष गर्ग ने सबसे पहले मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का इस बात के लिए आभार व्यक्त किया कि भरतपुर क्षेत्र के लिए बजट में कई घोषणाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद भरतपुर संभाग मुख्यालय होने के बावजूद विश्वविद्यालय के लिए तरस रहा है। यह उच्च शिक्षा के लिए जो संस्थान होने चाहिए, वे वहां नहीं है। इसलिए विद्यार्थियों को बाहर जाना पड़ता है। इससे उनके परिजनों पर आर्थिक भार भी बढ़ता है। डॉ. गर्ग ने सदन को बताया कि एनसीआर और टीटीजेड में होने की वजह से वहां नई इंडस्ट्रीज नहीं आ पा रही हैं। जो पुरानी इंडस्ट्रीज वहां है, वे भी बंद हो गई हैं। इसलिए अब यहां सबसे ज्यादा जरूरत तकनीकी संस्थानों की है। भरतपुर में आईटी हब बनाए जाने की जरूरत है। इसके साथ ही यहां स्पेशल इलेक्ट्रॉनिक हब बनाए जाने की जरूरत है, ताकि युवाओं के लिए रोजगार के अधिकतम अवसर पैदा हो सकें।



**भरतपुर को मिले हिस्से का पूरा यमुना पानी :** डॉ. सुभाष गर्ग ने कहा कि भरतपुर की सबसे पुरानी और बड़ी समस्या है यमुना का पानी। उन्होंने कहा कि साल 1994 में 5 राज्यों के बीच यमुना जल समझौता हुआ था। इसके तहत डीग और भरतपुर जिलों को यमुना से 1281 क्यूसेक पानी मिलना था। लेकिन, दुर्भाग्य से अभी 800 क्यूसेक पानी ही मिल पा रहा है। करीब 400-450 क्यूसेक पानी भरतपुर-डीग को उनके हिस्से का मिलना बाकी है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हरियाणा से कोई सहमति आनी थी। वह अभी तक नहीं आई है। जिस तरह मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हाल ही हरियाणा से बात करके चूरू-झुंझुनूं के लिए जल समझौता किया है और उसके तहत उन्हें ताजेवाला हैड से पानी मिलना तय हुआ है। उसी तरह डीग और भरतपुर जिलों को भी ओखला हैड से पूरा पानी मिलना चाहिए।

**भरतपुर के लिए ये मांगें भी रखी सदन में :** डॉ. सुभाष गर्ग ने सदन में भरतपुर की मांगें रखते हुए कहा कि पिछली बजट घोषणाओं के तहत आरबीएम अस्पताल में जल्द ही 10 सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं जल्द शुरू की जानी चाहिए। इसके साथ ही ऊंदरा, बरसो, गामरी समेत अन्य जगह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोले जाने चाहिए। हालांकि हाल ही बजट में भरतपुर के लिए 2 ग्रिड सब स्टेशनों की घोषणा की गई है। लेकिन, जाटोली रथभान में भी एक जीएसएस मंजूर किया जाना चाहिए। उनके गांव पीपला में अस्थाई पुलिस चौकी खोली गई थी, जिसे स्थाई करते हुए भवन बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्य नगरीय निकायों और पंचायतों को सौंपे जाने चाहिए।

**विश्वविद्यालयों में कुलगुरू के नाम पर पुनर्विचार हो :** विश्वविद्यालय शिक्षकों की पेंशन संबंधी मुद्दा उठाते हुए डॉ. गर्ग ने सरकार से आग्रह किया कि शिक्षकों की मांग सुनी जाए। इसी तरह हाल ही में विश्वविद्यालयों में कुलपति का नाम कुलगुरू किया गया है। इस पर पुनर्विचार किए जाने की जरूरत है। क्योंकि कुलपति अस्थाई होता है, बदलते रहते हैं। लेकिन, कुलगुरू स्थाई होता है।

**राज्यों के वित्तीय हालात बिगड़ रहे हैं :** वित्तीय मामलों पर बोलते हुए डॉ. गर्ग ने कहा कि जब से केंद्र सरकार ने जीएसटी लागू किया है, उसके बाद से राज्यों के रेवेन्यू सोर्सेज कम होते जा रहे है। स्टेट फाइनेंस की पोजीशन लगातार खत्म होती जा रही है। वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत राज्यों को जो अनुदान मिलता है, उसे 42 प्रतिशत से घटाकर 41 प्रतिशत कर दिया गया है। इसे बढ़ाया जाना चाहिए।

**ग्रामीण क्षेत्रों को मिले शहरों के बराबर बजट :** शहर और गांव का मुद्दा उठाते हुए डॉ. सुभाष गर्ग ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाए जाने की बातें कर रही हैं। लेकिन, यह तभी संभव है जब शहरों के साथ-साथ गांवों के इंटीग्रेटेड डवलपमेंट पर भी ध्यान दिया जाए। सरकार को इस बात की स्टडी करानी चाहिए कि शहरों में कितना बजट खर्च हो रहा है और गांवों में कितना। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार के पास अभी 22 साल हैं। अगर हर साल 10-10 करोड़ रुपए 500 पंचायतों पर खर्च किए जाएं तो महज 5000 करोड़ रुपए से ये पंचायतें विकसित हो सकती हैं, जहां की तरह सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं ग्रामीणों को मिलेंगी।

## नगरीय निकायों को आर्थिक रूप से मजबूत करने की जरूरत

नगरीय निकायों की आर्थिक स्थिति का मुद्दा उठाते हुए पूर्व मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने कहा कि राजस्थान सरकार की इकॉनोमिक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार नगरीय निकायों को अनुदान राशि 20 प्रतिशत कम मिल रही है। जबकि इसे और बढ़ाए जाने की जरूरत है। क्योंकि नगरीय निकायों पर शहरी मूलभूत सुविधाओं को न केवल मेंटेन करने का भार बढ़ रहा है बल्कि आबादी विस्तार के कारण आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है।

## वलसाड एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आया युवक, शरीर के उड़े चिथड़े, शिनाख्त को मोर्चरी में रखवाई डेड बॉडी

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** रेलवे स्टेशन पर वलसाड एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत की घटना सामने आई है। हादसा इतना भीषण था कि युवक के बॉडी के चिथड़े उड़ गए। सूचना पर जीआरपी ने युवक के शव को कब्जे में लेकर शिनाख्तगी के लिए बयाना उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। जीआरपी चौकी के कांस्टेबल रामकेश ने बताया कि घटना बुधवार रात करीब एक बजे की है। हरिद्वार-वलसाड एक्सप्रेस बयाना रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी, इसी दौरान प्लेटफार्म नंबर 2 से एक युवक अचानक ट्रेन के इंजन के सामने आ गया। घटना में युवक का शरीर पूरी तरह से क्षत-विक्षत हो गया। जिससे उसकी पहचान नहीं हो पा रही है। युवक के कपड़ों में भी किसी तरह का पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला है। प्लेटफार्म नंबर दो पर जहां घटना हुई। वहां एक भगवा रंग की साफी और कंबल बिछा हुआ मिला है। इससे अनुमान लगाया जा रहा है की संभवत यह सामान हादसे का शिकार हुए युवक का ही है।

## 93 केन्द्रो पर कड़ी सुरक्षा, चौकसी के बीच हुई प्रथम दिन रीट परीक्षा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर,(यतेन्द्र पाण्डेय)।** राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा 2024 (रीट) के प्रथम दिन गुरूवार को जिले में 93 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गई। परीक्षा नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर घनश्याम शर्मा ने बताया कि पहली पारी में 24792 परीक्षार्थियों में से 23748 उपस्थित रहे, 1044 परीक्षार्थी अनुपस्थिति रहे। इस प्रकार उपस्थित 95.78 प्रतिशत, अनुपस्थित 04.22 प्रतिशत रहे। उन्होंने बताया कि द्वितीय पारी में 24598 परीक्षार्थियों में से 21544 उपस्थित रहे, 3054 परीक्षार्थी अनुपस्थिति रहे। इस प्रकार उपस्थित 87.62 प्रतिशत, अनुपस्थित 12.38 प्रतिशत रहे। कडी सुरक्षा और चौकसी के बीच परीक्षा सम्पन्न हुई।

## पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव, जैन समाज की निकली गजरथ शोभायात्रा हेलीकॉप्टर से की गई पुष्प वर्षा



बढ़ता राजस्थान

**डीग/भरतपुर (मुकेश सैनी)।** डीग में सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा आयोजित पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक भव्य रूप से मनाया गया। आचार्य वसुनंदी महाराज के सानिध्य में मेला ग्राउंड में निर्मित अयोध्या नगरी में महाराजा नाभिराय और महारानी मरुदेवी के यहां बालक आदिकुमार के जन्म का दृश्य प्रस्तुत किया गया। सौधर्म इंद्र ने शचि इंद्राणी को मरुदेवी के कक्ष में भेजकर आदिकुमार को ऐरावत हाथी पर विराजमान किया। इसके बाद पांडुक शिला पर 1008 कलशों से प्रभु का अभिषेक किया गया। मेला ग्राउंड से निकली भव्य गजरथ शोभायात्रा लक्ष्मण मंदिर, मुख्य बाजार और नई सड़क से होकर गुजरी। तीन गजराज, जयपुर का महिला बैंड, टीकमगढ़ का जैन बैंड, जेवर का राजू बैंड और राया की नफीरी ने शोभायात्रा को भव्यता प्रदान की। सुसज्जित बग्गी में इंद्र-इंद्राणी और जैन चिन्हों से सजी झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। पांडुक शिला पर 1008 कलशों से प्रभु का अभिषेक किया गया। इस अवसर पर आचार्य वसुनंदी महाराज ने कहा कि भगवान के पंचकल्याणक का आयोजन पुण्य कर्मों से संभव होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से ऐसे आयोजनों में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आह्वान किया।

**आदिनाथ जन्म कल्याणक पर सार्वजनिक अवकाश की मांग :** धर्म जागृति संस्थान के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री संजय जैन बड़जात्या ने कहा कि आदिनाथ जन्म कल्याणक पर देशभर में सार्वजनिक अवकाश होना चाहिए। आचार्य वसुनंदी ने इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि जैन समाज को इसके लिए संगठित प्रयास करने चाहिए।

**शोभायात्रा में पुष्प वर्षा और स्वागत :** संपूर्ण नगर को तोरण द्वारों और फ्लेक्स से सजाया गया था। शोभायात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा और स्वागत किया। मंडी प्रांगण में बने हेलीपैड से हेलीकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा ने आयोजन को और भव्य बना दिया। हजारों श्रावक-श्राविकाओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

# श्री ब्राह्मण समाज समिति रूपबास भी मांगों के समर्थन में समाधान नहीं तो जन आंदोलन होगा : नीरज गौड़

बढ़ता राजस्थान

**रूपवास/ भरतपुर(राजेश कटारा)।** रूपबास में सात दिनों से चल रही पेन डाउन हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन में आज श्री ब्राह्मण समाज समिति के अध्यक्ष नीरज गौड़ श्री ब्राह्मण समाज समिति के सदस्यों के साथ एसीजेएम कोर्ट एवं एडीजे कोर्ट की मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री के नाम तहसीदार रूपबास अमित शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मांग की है कि पुराने समय करीब तीस साल से रूपबास में एसीजेएम कोर्ट एवं एडीजे कोर्ट के नियमित स्थापना की मांग चली आ रही है। रूपबास में एसीजेएम कोर्ट तथा एडीजे कोर्ट की नियमित स्थापना हो जाती है तो जो सरकार द्वारा गरीब को सस्ता और सुलभ न्याय दिलाने का संकल्प है वह पूरा हो। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष शंकर दयाल शर्मा ने कहा कि गरीब प्रार्थी हो या अप्रार्थी सभी को रूपबास से बयाना जाना पड़ता है जिससे गरीब व्यक्ति पर बहुत अधिक खर्च का भार पड़ता है अतः रूपबास में एसीजेएम कोर्ट तथा एडीजे कोर्ट की नियमित स्थापना हो जाती है तो हर व्यक्ति को सस्ता एवं सुलभ न्याय मिल जाएगा और रूपबास एसीजेएम कोर्ट तथा एडीजे कोर्ट के सभी तरह के मापदंडों को पूरा करता है। ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष मोहन लाल शर्मा ने कहा कि आशा है कि हमारी मांग को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी समझेंगे और हमारी मांग पर ध्यान अवश्य देंगे। इस मौके पर ब्राह्मण समाज समिति अध्यक्ष नीरज गौड़, अभिभाषक संघ अध्यक्ष सचिन शर्मा, जिलाध्यक्ष मोहन लाल शर्मा, मोक्षधाम समिति अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा, केके शर्मा, चप्पू डॉन, केके कटारा, चंद्र कांत कटारा, अवनीश यस शर्मा, पंकज शर्मा एवं भारी संख्या में श्री ब्राह्मण समाज समिति सदस्य एवं अधिवक्ता गण मौजूद रहे।



# महंगे बीजों से बचने के लिए किसान स्वयं के बीज उत्पादन करे : डॉ. सिंह

बबढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** किसान अपने खेत में गेंहू, सरसों, जौ, चना आदि फसलों का स्वयं के खेत मे बीजोत्पादन करना चाहते है, उन्हे फसलों में रोगिंग अवश्य करनी चाहिए। यह कहना है कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह का। सिंह कृषि महाविद्यालय भुसावर के कृषि फार्म पर ग्रामीण उद्यामिता कृषि विकास योजनान्तर्गत विद्यार्थियों ने गेंहू फसल में रोगिंग के कार्य अवसर पर अपना उद्बोधन दे रहे थे। डॉ सिह ने कहा कि रोगिंग प्रक्रिया में फसल में अन्य किस्म तथा रोगी पौधो का उखाड कर अलग किया जाता है। जैसे गेंहू की राज 4238 किस्म का बीजोत्पादन कर रहे हैं तो उसमें अन्य किस्म के पौधों को उखाड देना चाहिए ताकि शुद्ध बीजोत्पादन हो। इन फसलों में फूल, बाली, फली, पौधे की ऊंचाई आदि के आधार पर पौधो की पहचान कर भिन्न पौधों को उखाड कर अलग किया जाता है। फसलों मे रोगी पौधो को भी उखाडना चाहिए। विशेषतः गेंहू व जौ में कंडुआ ग्रसित पौधो को उखाड कर मिट्टी में दवा देना चाहिए ताकि स्वस्थ बीज पैदा हो सके। गेंहू में यदि जौ के पौधे हो तो उन्हे भी उखाड दे। इस तरह किसान स्वयं का बीजोत्पादन कर बाजार के मंहगे बीजो से बच सकता है तथा अपने खेत में पैदा किया गया बीज बाजार के बीज के बजाय ज्यादा विश्वसनीय होता है।



## महर्षि दयानंद सरस्वती बौध दिवस का हुआ आयोजन महर्षि दयानंद का जीवन प्रेरणादायक : प्रदीप आर्य

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** आर्य समाज बयाना में गुरुवार को महर्षि दयानंद सरस्वती बोध दिवस का आज आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र अग्निहोत्र से हुई, जिसका संचालन राधा आर्या ने किया। आर्य समाज के प्रधान आचार्य रविशंकर ने बोध का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि सत्य आचरण से मन को शुद्ध और सात्विक बनाकर ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। सहमंत्री प्रदीप आर्य ने महर्षि दयानंद के जीवन को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि स्वामी जी ने अल्प समय में समाज सुधार के महत्वपूर्ण कार्य किए। मधु आर्या ने महर्षि दयानंद के जीवन का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। आर्य समाज की मंत्री सुनयना आर्या ने महापुरुषों के गुणों को अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। व्यायाम शिक्षक निहाल आर्य ने मंच का संचालन किया। कार्यक्रम में नगर पालिका पार्षद कमल आर्य, परमसुख आर्य, रमेश महरावर, ऊषा आर्या, शिक्षावती आर्या, भावना आर्या, लक्ष्मी बंसल, सुशीला देवी और केशव आर्य सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




## अवैध बजरी के खिलाफ कार्रवाई में झड़प पुलिस पर पथराव, लाठी डंडों से रोकती रही पुलिस; ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भागा आरोपी



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर में मध्य प्रदेश बॉर्डर स्थित सागर पाड़ा चेक पोस्ट पर बुधवार शाम को चंबल बजरी से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार आरोपियों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पथराव से बचते हुए मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और आरएसी के कांस्टेबलों ने लाठी डंडों की सहायता से ट्रैक्टर ट्रॉली को रोकने की कोशिश की। इस दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली का ड्राइवर पुलिस द्वारा रोकने के प्रयासों के बावजूद ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर फरार हो गया। घटना को लेकर कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया गया है।

कोतवाली थाना प्रभारी हरि नारायण मीणा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट से प्रतिबंधित चंबल बजरी की रोकथाम के लिए मध्य प्रदेश बॉर्डर स्थित सागर पाड़ा चेक पोस्ट पर हेड कॉन्स्टेबल गिरीश के साथ पुलिसकर्मी और आरएसी के जवानों को तैनात किया गया था। इसी दौरान मध्य प्रदेश की ओर से तीन लोग चंबल बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को लेकर रॉन्ग साइड से राजस्थान की सीमा में घुस गए। पुलिस के दबाव को देखते हुए ट्रैक्टर की ट्रॉली पर बैठे दो युवकों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। जिस पथराव में आरएसी का एक कॉन्स्टेबल बाल-बाल बच गया। पुलिस द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली की घेराबंदी करते ही ट्रॉली पर बैठे दो युवक भागने में कामयाब हो गए।

कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और आरएसी के कॉन्स्टेबल ने लाठी डंडों की सहायता से चंबल बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोकने की कोशिश की, लेकिन ट्रैक्टर-ट्रॉली ड्राइवर पुलिस पर ट्रैक्टर को चढ़ाने की कोशिश करते हुए ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर मध्य प्रदेश की ओर भाग निकला। घटना को लेकर पुलिस की ओर से कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया गया हैं। कोतवाल हरि नारायण मीणा ने बताया कि पुलिस आरोपियों को चिह्नित करने में जुटी हैं। जिनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सालाबाद में स्वतंत्रता सेनानी विजय सिंह पथिक की 144 वी जयंती मनाई, उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा ने गुरुवार को बयाना के सालाबाद गांव में स्वतंत्रता सेनानी विजय सिंह पथिक की 144वीं जयंती मनाई। कार्यकर्ताओं ने पथिक की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र सिंह कंसाना ने बताया कि पथिक का जन्म बुलंदशहर के गुठावली कलां गांव में हुआ था। उनके परिवार की क्रांतिकारी और देशभक्ति से भरी पृष्ठभूमि का उन पर गहरा प्रभाव पड़ा। पथिक ने राजस्थान के बिजोलिया संभाग में किसानों में अधिकार चेतना जगाई। उन्होंने विदेशी और देशी शासकों के शोषण के खिलाफ जन क्रांति का नेतृत्व किया। उनकी किसान क्रांति योजना से अंग्रेज भी भयभीत रहते थे। कार्यक्रम में यशपाल सिंह कसाना, विजय सिंह, अशोक पंडित समेत कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। सभी वक्ताओं ने युवाओं से पथिक के आदर्शों को अपनाने की अपील की।



# अथर्ववेद पारायण यज्ञ का हुआ शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** आर्य समाज में संचालित आर्ष कन्या गुरुकुल की ओर से संस्थापक हरीशचंद्र शास्त्री के नेतृत्व में अथर्ववेद पारायण यज्ञ का शुभारम्भ किया गया। आर्य समाज के उपाध्यक्ष प्रकाश चंद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आर्य समाज में संचालित आर्ष कन्या गुरूकुल की ओर से संध्या मित्तल की स्मृति में संस्थापक हरीशचंद्र शास्त्री के नेतृत्व में वेद प्रचार मंडल मेवात के अध्यक्ष उमेश आर्य के आतिथ्य में अथर्ववेद पारायण यज्ञ का शुभारम्भ किया गया। गुरूकुल आचार्या प्रियंका आर्या व सुमन आर्या द्वारा अथर्ववेद मंत्रों का उच्चारण कर आहूतियां दिलवाई गई तथा कन्या गुरुकुल संस्थापक हरीशचंद्र शास्त्री ने अथर्ववेद का जीवन में महत्व को बताते हुए कहा कि यह यज्ञ मानव कल्याण व विश्व शांति के लिए किया जा रहा है। इस अवसर पर आर्य समाज संरक्षक दिनेशचंद्र पांडेय, प्रधान राजेन्द्र मित्तल, मंत्री कमलाकांत आर्य, चंद्रप्रकाश आर्य, रघुनाथ बोहरा, रजनी मित्तल एवं अतिथिगण सहित गुरुकुल की आचार्या व छात्राएं मौजूद रही।

